nandgaon times JULAI-27-3.qxd 7/26/2025 11:15 PM Page 1

प्रदेश के पहले त्यौहार हरेली पर... पृष्ठ 2 | प्रकृति की सुंदरता और समाज... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


रविवार, 27 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 276, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## हर घर तक जल पहुँचाने के साथ ही जल बचाना भी हो प्राथमिकता में - अरुण साव

### पीएचई अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण के समापन सत्र में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री अरुण साव आज विभागीय अधिकारियों तथा मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण के समापन सत्र में शामिल हुए। जल जीवन मिशन के तहत निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान में आयोजित छह दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विभागीय सचिव श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक और प्रमुख अभियंता श्री टी.डी. सांडिल्य भी समापन सत्र में शामिल हुए। एसपीएम-निवास और यूनिसेफद्वारा दो बैचों में आयोजित प्रशिक्षण में 21 जुलाई से 23 जुलाई तक पहले बैच के प्रशिक्षुओं को ग्रामीण जलापूर्ति के संस्थागत एवं सामुदायिक पहलुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। वहीं 24 जुलाई से 26 जुलाई तक दूसरे बैच में ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के तकनीकी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन का प्रशिक्षण दिया गया। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण जल योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव की रणनीतियों को सुदृढ़ बनाने तथा क्षेत्रीय




अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स को जल संरचना की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने में दक्ष बनाने के लिए इस सघन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने प्रशिक्षण के समापन सत्र में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन पर जोर देते हुए अपने संबोधन में कहा कि हर घर तक जल पहुँचाने के लक्ष्य के साथ हमें जल बचाने की जिम्मेदारी को भी प्राथमिकता देना होगा। हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए जल और जलस्रोतों को प्रभावी ढंग से संरक्षित करना होगा। उन्होंने प्रशिक्षण में मौजूद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्रोतों के संरक्षण के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। श्री साव ने उम्मीद जताई कि इस प्रशिक्षण से गांवों में स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा नल जल योजनाओं के सुचारू व निर्बाध संचालन में स्थानीय युवाओं और संस्थाओं की तकनीकी दक्षता बढ़ेगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता श्री टी.डी. सांडिल्य ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें तकनीकी दक्षता, समुदाय आधारित सहभागिता एवं स्थिर जल प्रबंधन प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान मिली जानकारियों को ज़मीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रेरित किया। यूनिसेफकी बाल संरक्षण एवं लिंग विशेषज्ञ सुश्री चेतना देसाई ने जल संरक्षण और प्रबंधन में लिंग संवेदनशीलता और बाल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रशिक्षुओं को इन पहलुओं पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

## पात्र 75 हितग्राहियों को शहरी आवास योजना निर्माण के लिए अनुज्ञा प्रमाण पत्र दिया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन के निर्देशानुसार नगर पंचायत डोंगरगाव में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी ) 2 .0 के अंतर्गत पात्र हितग्राहियो को आवास निर्माण हेतु भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किया गया. इस योजना के तहत कुल 75 हितग्राहियो को भवन अनुज्ञा जारी की गयी जिससे वे अपने सपने के घर का निर्माण कर सके , मुख्य नगर पालिका अधिकारी और पार्षद तथा नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियो ने हितग्राहियो को शुभकामनाये दी और उन्हें गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने की सलाह दी मुख्य नगर पालिका अधिकारी दवारा हितग्राहियो को योजना के बारे संक्षिप्त रूप जानकारी देते हुए बताया गया की प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी ) 2 .0 के अंतर्गत हितग्राही को आवास निर्माण किये जाने हेतु शासन द्वारा मकान निर्माण के अलग अलग स्तर पर अलग अलग किस्तों में भुगतान किये जाने हेतु कुल 250000 रुपये की आर्थिक सहायता की जावेगी एवं 18 माह के भीतर निर्माण पूर्ण किये जाने पर मुख्यमंत्री गृह प्रवेश योजना अंतर्गत 32850 रुपये की राशि की भुगतान किया जावेगा अत: हितग्राही समय सीमा को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य जल्द से जल्द प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया।



## लगातार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

### शिवनाथ और घुमरिया नदी में बाढ़ आने से मुनादी कराई



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पिछले दो दिनों से लगातार तेज बारिश से होने से क्षेत्र के नदी नाले उफान पर आ गए हैं श्रावण मास में दो दिनों के बारिश और झड़ी से लोगों के जनजीवन पर भी असर पड़ा है तेज बारिश और रिमझिम बारिश से नदी, तालाब, और खेत खलिहानो में जलभराव हो गया है

**अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे खिले**

क्षेत्र में पिछले दो दिनों से लगातार बारिश से होने से किसानों के खेतों में जलभराव होने से क्षेत्र के किसानो ने रोपा,पर, लगाना शुरू कर दिया है अच्छी बारिश होने से खेती किसानी के कार्यों में तेजी आई है जिससे किसानों के चेहरे खिल गए हैं

**शिवनाथ और घुमरिया नदी में बाढ़ बढ़ा,**

क्षेत्र में पिछले दो दिनों से लगातार बारिश होने से शिवनाथ और घुमरिया नदी में पानी अधिक आ जाने से बाढ़ उफान पर है जिससे नदी में तेजी से बाढ़ बढ़ गए हैं एक ओर लगातर बारिश होने से मोगरा जलाशय द्वारा नदी में पानी छोड़ दिया है जिससे शिवनाथ और घुमरिया नदी में तेजी से बाढ़ बढ़ गए हैं

**बाढ़ से प्रभावशील होता है ये गांव**

तेज बारिश होने से शिवनाथ नदी में बाढ़ ज्यादा होने पर ये गांव प्रभावशील होता है जिनमे कोहका ,बेदरकटा, खुज्जी, भटगुना, बगमार, धनगाव , मोक्षधाम साकरदाहरा, है इसी प्रकार घुमरिया नदी में बाढ़ अधिक होने पर जामसरार, बरगांव, सालहे, बगदई, मटिया, रेंगाकठेरा, इत्यादि गांव को प्रभाव करता है ये सभी गांव नदी क्षेत्र में आते हैं

**बारिश से मौसमी मरीजों में बढ़ोत्तरी हुई**

दो दिनों से लगातार बारिश के चलते लोगों के जनजीवन पर में असर पड़ा है इस सावन की झड़ी में लोगों के भीग जाने से स्वास्थ पर भी असर पड़ा है जिससे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों सर्दी , खासी , बुखार, जैसे मौसमी मरीजों की अस्पताल ले बढ़ोत्तरी हुई है सरकारी अस्पताल के डाक्टरों ने सभी को बारिश के मौसम में ताजा भोजन और गर्म पानी का लाभ लेने की अपील की गई है

**बाढ़ आ जानें से मुनादी कराई**

नगर पंचायत क्षेत्र में लगातार बारिश होने से इन दिनों आसपास के नदियों में नदी किनारे जाने से तथा नदी किनारे के पास लोगों को सेल्फी लेने से मना किया गया है यह मुनादी पुरा शहरी क्षेत्रों में किया गया है।

## सांसद की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

### जिले के सभी ब्लैक स्पाट में सुधारात्मक कार्रवाई कर सड़क दुर्घटनाओं में लाई जा सकती है कमी

### चौक-चौराहों पर संकेत बोर्ड लगाने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सांसद श्री संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अच्छे से कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा के संबंध में जनजागरूकता लाने कहा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने पिछले वर्ष की तुलना में अधिक सड़क दुर्घटना होने पर चिंता व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी ब्लैक स्पाट में सुधारात्मक कार्रवाई कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकता है। उन्होंने जिले में चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट की जानकारी और वहां शीघ्र सुधारात्मक कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने प्रत्येक चौक-चौराहों पर संकेत बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने शराब पीकर और तेज गति से वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सके। इसके अलावा अन्य कारणों से होने वाली सड़क दुर्घटना के कारणों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रों में यातायात नियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के साथ जागरूक करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही स्वच्छता का पालन करने के लिए भी छात्रों को जागरूक करें। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि नशे से होने वाले शारीरिक, आर्थिक, सामाजिक नुकसान के बारे में बताएं और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कार्ययोजना बनाकर जनजागरूकता लाई जा रही है। उन्होंने पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तेज गति से वाहन चलाने और सड़क नियमों के उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पशु तस्करी को रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है। बैठक में पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, नगर पालिक निगम, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, पीएमजेएसवाई, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर किए जा रहे कार्रवाई के संबंध में विस्तार से संबंधित विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



## महाकाल की शरण में पहुँचे भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय

### सिंघोला महाकाल मंदिर में की विशेष पूजा-अर्चना, महाकाल सेना ने किया भव्य स्वागत



**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने शुक्रवार को सिंघोला स्थित प्राचीन श्री चंद्रमौलेश्वर महाकाल मंदिर पहुँचकर भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश की सुख-समृद्धि, सतत् विकास और जनता के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए भगवान शिव के चरणों में नमन किया। इस आध्यात्मिक अवसर पर महाकाल सेना की ओर से पवन साय का शंख, ढोल-नगाड़े, पुष्पवर्षा और मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। सेना प्रमुख पवन डागा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से अभिनंदन किया। मंदिर परिसर में गायत्री विद्यापीठ के बच्चों द्वारा ? नमः शिवाय के मंत्रोच्चार और बोल बम के गगनभेदी नारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धा और ऊर्जा से ओतप्रोत इस आयोजन ने हर श्रद्धालु के मन में आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर कई प्पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, भाजपा महामंत्री सौरभ एवं रविंद्र वैष्णव, सरपंच मुकेश साहू, पार्षद राजा मखीजा, महाकाल भक्त सुनील टावरी (डोंगरगांव), चैंबर ऑफकॉमर्स से संजय तेजवानी, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, निर्मोही अखाड़ा के महंत नरेंद्र दास निर्वाणी, एमडी ठाकुर, सागर गुप्ता सहित महाकाल सेना के सदस्यगण उपस्थित थे।



## एक्सिस बैंक के कर्मचारी द्वारा ग्राहकों के साथ की गई करोड़ों की धोखाधड़ी

### बैंक द्वारा थाना भेजी गई शिकायत पर एफआईआर की प्रक्रिया, बैंक कर्मचारी पर किए गए विश्वास से उपभोक्ताओं को पहुंचा आघात, दहशत में उपभोक्ता

### शिकायत मिलते ही कर्मचारी का स्थानांतरण के बाद निलंबन किया गया

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** बैंकों के माध्यम से बैंक उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी करने की घटना आए दिन देखने व सुनने को मिलते रहती है। लेकिन बैंक में पदस्थ कर्मचारी द्वारा अपने ही बैंक के उपभोक्ताओं के साथ दगाबाजी कर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने का पहला मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर पीड़ित उपभोक्ता दहशत में आ गए हैं। देखा जाए तो, पीड़ित उपभोक्ताओं की मेहनत से जमा की गई पूंजी पर बैंक कर्मचारी ने उन्हें अपने माया जाल में फंसा कर डाका डाला है।

**बैंक प्रबंधक के पास कर्मचारी की शिकायत पहुंचते ही पहले तो बैंक कर्मचारी**

ऐक्सिस बैंक AXIS BANK

उमेश गोरले का राजनांदगांव स्थानांतरण किया गया था। किंतु पीड़ित उपभोक्ताओं द्वारा दबाव बनाने पर आरोपी कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया। बैंक की ओर से एफआईआर दर्ज करने कर्मचारी उमेश गोरले की शिकायत थाना डोंगरगढ़ में गई है। एफआईआर की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने की जानकारी थाना प्रभारी उपेंद्र शाह द्वारा दी गई। एफआईआर होते ही पीड़ित सभी उपभोक्ताओं का नाम और आरोपी बैंक कर्मचारियों द्वारा कितनी राशि की धोखाधड़ी की गई उसकी जानकारी सामने आ पायेगी। एक्सिस बैंक की ओर से इन्वेस्टिगेशन अधिकारी राजू ने बताया कि शिकायत की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच पूर्ण होते ही संपूर्ण जानकारी से अवगत कराया जाएगा।




**ओटीपी नंबर को शेयर न करें उपभोक्ता - बैंक मैनेजर**

एक्सिस बैंक के मैनेजर ने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे अपना ओटीपी नंबर किसी के साथ भी शेयर न करें। उपभोक्ताओं द्वारा ओटीपी नंबर के शेयर करने के कारण ही आरोपी कर्मचारी द्वारा ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करना संभव हो पाया है।

**शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों व अनेक ग्रामीणों के साथ की गई करोड़ों की धोखाधड़ी**

नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर एक्सिस बैंक के पीड़ित उपभोक्ता ने बताया कि बैंक कर्मचारी के स्थानीय होने एवं वर्षों पुरानी जान पहचान होने के साथ-साथ उसका बैंक कर्मचारी होने के चलते पूरे विश्वास के साथ आरोपी कर्मचारी को बैंकिंग कार्य के लिए ओटीपी नंबर दिया गया था। यह कार्य उस कर्मचारी ने ड्यूटी के दौरान किया है। हमें बैंक पर पूरा विश्वास है कि बैंक हमें हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई जल्द से जल्द करेगी। इसी प्रकार शहर के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों तथा ग्रामीण क्षेत्र के भोले-भाले उपभोक्ताओं के साथ बैंक के कर्मचारी उमेश गोरले द्वारा तकनीकी ज्ञान का फायदा उठाते हुए करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की गई। वही शिकायतकर्ता प्रमोद शुक्ला ने बताया कि उमेश गोरले ने लोगों को लोन दिलाने के नाम पर तो बीमा पालिसी बनाने के नाम पर डोंगरगढ़ सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को झांसे में लेकर चार सौ बीसी की गई है जिसका पीड़ित स्वयं हूँ मेरे साथ श्री गोरले ने मैक्स लाइफइंशोरेंस पालिसी के नाम पर जालसाजी की गई थी जिसकी शिकायत 06 वर्ष पूर्व की गई थी। वही ग्रामीण क्षेत्रों से भी जानकारी सामने आई है कि मैक्स लाइफ इशोरेंश के पालिसी के नाम पर कई गाँव के सरपंच व सचिव भी इनके शिकार हो चुके है।

# प्रदेश के पहले त्यौहार हरेली पर गेंड़ी में रोमांचक मुकाबला

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत तीस बरस से नगर मे सामाजिक सांस्कृतिक सेवा के पर्याय बन चुके नगर की प्रतिनिधि संस्था प्रेरणा के तत्वावधान मे पन्द्रहवां आयोजन अपनी सामाजिक समरसता,उत्साह और रोमांच के साथ उपस्थित अतिथिगणों जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार नगरपंचायतछुईखदानके पूर्वअध्यक्ष, गिरिराज किशोर दास जी, राजकुमार जैन ,हेमंत शर्मा जी,रावल कोचर जी, शांतिलाल सांखला जी, प्रदीप श्रीवास्तव के आतिथ्य मे संपन्न हुआ। श्रावण मास, छ ग का पहला पर्व हरेली और उस पर गेंडी दौड का रोमांचक मुकाबला को देखने के लिए लोक सुबह से अपने अपने घरों मे औजार आदि की पूजा व नीम डारा द्वार पर खोंचने की प्रक्रिया से निवृत्त होकर बाल गोपाल परिवार के साथ आयोजन स्थल बाजार लाईन हजारो की तादाद मै पहुचकर अपना स्थान सुरक्षित करते रहे जबकि आयोजन स्थल मे स्थित व्यवसायिक परिसर के ऊपर तल पर म भी लोग पहुचकर गेडीदौड का आनंद व विडीयोग्राफी करते नजर आए। लगातार पन्द्हवें बरस के इस एतिहासिक गेडीदौड प्रतियोगिता मे भाग लेने के



लिए जहां आसपास के दर्जनों प्रतिभागियों ने भाग लिया तो उसे देखने के लिए भी उत्साही जन हजारों की तादाद मे उपस्थित रही जिससे आयोजन और भी रोमांचक बन गया था, जिसके एक छोर अर्थात पुलिस थाना चौक से प्रारंभ होकर बाजार लाइन चौक मे संपन्न हुआ इस बीच संस्था के सहयोगी प्रदीप श्रीवास्तव,ईसराईल सोलंकी, सुभ्भू सेठ,सुमेरकरण (लल्लू सेठ) मनोज कोचर, श्रीकांत महोबिया, पवन चंद्राकर, टिक्कू श्रीवास्तव, तारेश चंद्राकर, शिवम मिश्रा,अक्कू महोबिया,सामोद श्रीवास्तव आदि निर्धारित स्थान पर अपना ड्यूटी देते रहे तो संस्था के अध्यक्ष अशोक चंद्राकर जी माईक के माध्यम से पूरे आयोजन का मंच संचालन करते रहे तो स्थानीय पुलिस प्रशासन, नगर पंचायत प्रशासन, अस्पताल प्रशासन अपने अपने दायित्वो को लेकर पूरे समय सराहनीय व्यवस्था बनाए रखने मे व्यस्त रहे जिसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं। इधर ग्रामीण अंचल के अनेकों गांवों से अनेकों प्रतिभागियो ने इस पारंपरिक सांस्कृतिक त्यौहार के प्रतीक गेडीदौड कर आयोजन को और उसके उच्च गंतव्य की ओर पहुचाते हुए अपना अपना स्थान प्राप्त किया जिसमे गत पांच सालो से किस्मत आजमा रहे कोहलाटोला निवासी होरीलाल प्रथम,हाटबंजा के रामनाथ कंवर द्वितीय, सिलपट्टी के गौतम निषाद तृतीय व कोहलाटोला के कांता चंदेल चतुर्थ स्थान प्राप्त करने मे सफल रहे वहीं सभी प्रतिभागीयो के लिए स्व दुलीचंद गोलछा की स्मृति मे सांत्वना पुरस्कार के रूप मे छाता का वितरण किया गया। कार्यक्रम को अपनी मेहनत से सफल बनाने मे शुभम चंद्राकर, पत्रकार शैलेन्द्र तिवारी,नीलम वैष्णव ,दीपक देशमुख, सन्नी महोबिया,सुदीप श्रीवास्तव सज्जाक खान, करण पाल सहित समस्त पत्रकारो का भी विशेष योगदान रहा।

## पेयजल को लेकर जनता के सब्र की परीक्षा न लें निगम - संतोष पिल्ले

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** इन दिनों रोजाना बारिश हो रही है। शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ फूल जा रहा है इसके बाद भी



नगर की जनता को ठीक तरह से जलापूर्ति नहीं हो पाना निगम की नाकामियों को दर्शाता है। उक्ताशय की बात नगरनिगम नेता प्रति पक्ष संतोष पिल्ले ने कही है। उन्होंने कहा कि शिवनाथ नदी में भरपूर पानी होने के बावजूद जनता को नलों से दोनों टाइम तो छोड़ एक टाइम भी ठीक तरह से पानी नहीं मिल पाने से जनता का आक्रोश बढ़ते ही जा रहा है। श्री पिल्ले ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते निगम की कार्य प्रणाली पर उंगली उठाया है और कहा है कि पेयजल नहीं मिलने से परेशान जनता को नगर निगम में धावा बोलते देर नहीं लगेगी। नेता प्रति पक्ष श्री पिल्ले ने कहा कि हरेली त्योहार के दिन आयुक्त ने इस संबंध में निगम में मीटिंग भी ली। मोहारा जल संयंत्र जा कर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश भी दिया इसके बाद भी उनकी नहीं चल रही है। शहर वासियों को नलों से ठीक तरह से पानी नहीं मिल पा रहा है उन्होंने कहा कि महापौर को भी मोहारा जल संयंत्र की निरीक्षण कर आए हैं। आयुक्त भी निर्देश दे आए हैं इसके अलावा बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।श्री पिल्ले ने आयुक्त के साथ महापौर की पटरी नहीं बैठने का आरोप लगाया है जिसका खामियाजा शहर की जनता भुगत रही है। नेता प्रति पक्ष में कहा है कि यदि दो दिनों के भीतर शहरवासियो की जलापूर्ति व्यवस्था सुधरी नहीं तो कांग्रेस पार्षद व पानी के लिए परेशान हो रही जनता को लेकर आंदोलन करने से नहीं चुकेंगे।

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अमरकंटक से बाबा बाबा भोरमदेव मन्दिर 151 किलोमीटर की कावड़ यात्रा पर निकले पंडरिया विधायक भावना बोहरा और शिवभक्तों का पांडातराई में आत्मीय स्वागत

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** श्रावण मास की भक्ति, तप, त्याग



और शिव आराधना की परम पुण्यधारा में समग्र छत्तीसगढ़ में हर हर महादेव और बोलबम की जयघोष से गुंजायमान हो रहा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा स्वयं पंडातराई पहुंचे और मध्यप्रदेश के अमरकंटक से ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर तक 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा पर निकलीं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा का पारंपरिक रीति रिवाज और पुष्पवर्षा कर च्बोल बमज्, च्हर-हर महादेवज् के जयघोष के साथ कांवड़ यात्रा में शामिल सैकड़ो

## ब्रांच मैनेजर श्री बासकी से मिले पेंशनर्स संगठन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पेंशनर्स साथियों का अधिकांश



खाता स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में संधारित है। संगठन में सदस्यों की बहुत सारी समस्याएं बैंक से संबंधित होती है, जिसका समाधान करवाने के परिपेक्ष में विगत दिन श्री विनोद किशोर बासकी, ब्रांच मैनेजर कलेक्ट्रेट शाखा राजनांदगांव से मुलाकात किया गया। सौहार्द पूर्ण वातावरण में पेंशनरों की समस्याओं के समाधान करने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। पेंशनर्स के साथ सम्मान व आदर पूर्वक व्यवहार करने की अपेक्षा की गई, जिससे बैंक के कार्यकलाप में सभी का विश्वास बना रहे। ब्रांच मैनेजर ने पूर्ण आश्वासन दिया एवं भविष्य में सभी पेंशनरों के साथ बैंक द्वारा उचित मान-सम्मान के साथ व्यवहार करने की प्रतिबद्धता प्रकट की गई। इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष डॉक्टर केएल टांडेकर, महामंत्री श्री केपी सिंह, संगठन सचिव श्री राजेश रथी, तहसील अध्यक्ष श्री बीटी वाल्दे, कोषाध्यक्ष श्री विजय निषाद, श्री सिद्धार्थ चौरे, श्री थनवार साहू, श्री ओम प्रकाश शर्मा के साथ जिला अध्यक्ष इंजीनियर जीआर देवांगन भी उपस्थित रहे।

## घुपसाल के दंतेश्वरी पहाड़ी मंदिर में वृक्षारोपण किया गया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम घुपसाल (कुमरदा) में एक



पेड़ मां के नाम व हरियाली के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत घुपसाल व जनहितकारी प्रेरणा समिति एवं ग्राम वासियों द्वारा वृहद स्तर पर पौधा का रोपण किया गया। भक्तजनों के द्वारा मंदिर परिसर में हर वर्ष पौधा लगाया जाता है , जो धीरे धीरे वृक्ष का रूप ले जाते है। इस वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में सरपंच नरेश शुक्ला, उपसरपंच कामता साहू,ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष केशव साहू, उपाध्यक्ष रामकुमार विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष लोमस दास साहू, कैलाश चौधरी, पंचायत सचिव भूषण भारद्वाज, रोजगार सहायक मुकेश कुमार साहू, रामसिंह, धरमपाल पंच संतराम विश्वकर्मा, नम्मू सहारे,समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी द्वारा पौधों की सुरक्षा के लिए जाली तार लगाकर हरियाली व पर्यावरण की रक्षा हेतु हमेशा संकल्पित किया गया हैं ।

### उर्वरक की कालाबाजारी करने वालों पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले के किसानों को लगातार रासायनिक खाद जैसे यूरिया, डीएपी, एनपीके, पोटाश की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा उर्वरक की कालाबाजारी रोकने एवं संबंधितों पर कार्रवाई के लिए कृषि विभाग द्वारा जिला तथा ब्लॉक स्तरीय दल का गठन किया गया है। उपसंचालक कृषि श्री टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में दो किराना व्यापारियों द्वारा बिना अनुज्ञप्ति के यूरिया का ज्यादा दामों पर किसानों को विक्रय कर कालाबाजारी करने का प्रकरण सामने आया है।

**शुभांक**

**5-7-8**

**150-6 678-1**


## आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने हीरा लाल साहू पिता सोनु साहू एवं खुमान साहू पिता सोनु साहू ग्राम बूंदेलीकला वाले से उनकी जमीन ख. नं. 867/6, रकबा 58 डिसमिल पटवारी हल्का नं. 23 राजस्व निरीक्षक खैरझिटी ऋण पुस्तिका क्रमांक 4055636 को सौदा तय कर बयाना दे दिया गया है। सिर्फ पंजीयन शेष है।

अतः सर्व साधारण को संसूचित किया जाता है कि यदि उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था , निकाय या बैंक आदि का कोई स्वत्व, हित, हक या अधिकार संनिहित हो तो इस संबंध में किसी प्रकार को कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर अपना दावा/आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात किया गया दावा/आपत्ति की गई तो वह शून्य औंर अमान्य होगी। और मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

**सूचना जाने**

दिनांक 26/07/2025

**सुरेन्द्र सिंह ठाकुर**
**अधिवक्ता**
**महेन्द्र नगर,राजनांदगांव**
**मो: 9165433110**


## लगातार बारिश से मानपुर विकास खंड के ग्रऔंधी गांव में जनजीवन प्रभावित, घरों में घुसा पानी



**औंधी ( मोहला मानपुर ) ( नांदगांव टाइम्स ) ।** क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से अनवरत हो रही भारी बारिश के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। औंधी गांव के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बारिश का पानी अब लोगों के घरों में भी घुसने लगा है, जिससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ती जा रही है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पानी घरों के भीतर तक पहुंच चुका है, जिससे सामान खराब हो रहा है और रहना मुश्किल हो गया है। निचली बस्तियों में स्थिति और भी गंभीर है, जहां कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी। ग्रामीणों ने प्रशासन से राहत कार्य और जल निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है। अब तक किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन लगातार बारिश से हालात बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन की नजर फिलहाल हालात पर बनी हुई है, लेकिन ग्रामीणों को त्वरित राहत की जरूरत है।

### राजनांदगांव जिले में अब तक 3430 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 3430 मिमी बारिश एवं औसत 490 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 610 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 464 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 637.1 मिमी, घुमका तहसील में 525.5 मिमी, छुरिया तहसील में 390.3 मिमी, कुमरदा तहसील में 372 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 431.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 637.1 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 437.7 मिमी एवं औसत 62.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 132.2 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 60 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 69.7 मिमी, घुमका तहसील में 45 मिमी,कुमरदा तहसील में 47.7 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 49.9 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन



पदम् सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** रवेली- शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वालित और पुष्पमाला अर्पण कर अमर वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में रा.से.यो. स्वयंसेवकों के द्वारा कारगिल विजय की संक्षिप्त जानकारी, देशभक्ति गीत , कविता पाठ किया गया द्य देशभक्ति गीतों के माध्यम से भारतीय सेना के साहस और बलिदान को नमन किया द्य व्याख्याता शर्मा के द्वारा अपने कविता से कारगिल युद्ध तथा भारतीय सेना की भूमिका और देशभक्ति की भावना पर अपने विचारों को प्रस्तुत किया द्य कार्यक्रम के अंत में स्कूल के छात्राओं के द्वारा सीमा पर तैनात सेवा दे रहे सैनिक भाइयों के लिए निरंतर 05 वर्ष से राखी स्पीड पोस्ट डाक से भेजने की कार्य को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष की विद्यालय से 100 राखी स्पीड पोस्ट डाक के माध्यम राजस्थान, पंजाब भेजा गया । इस कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य संस्था प्रमुख हरिनारायण पांडे एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी जितेन्द्र कुमार राजपूत ने बताया कि कारगिल विजय दिवस केवल एक तारीख नहीं बल्कि हमारे वीर सैनिकों के पराक्रम और बलिदान का प्रतीक है हमें अपने युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए ऐसे आयोजनों का निरंतर आवश्यकता है जिससे हृदय में राष्ट्र प्रेम की भावना को और प्रबल किया जा सके द्य इस कार्यक्रम में व्याख्याता महेन्द्र कुमार श्रीवास, वीरेन्द्र कुमार शर्मा , किशन लाल सत्यवंशी , हरीश कुमार कुर्रे , बद्री प्रसाद चंद्रवंशी , पूनम नाथ योगी और समस्त शिक्षक गण, स्वयंसेवक पीयूष जायसवाल, रुद्रप्रताप चौहान, प्रियंका साहू,गोदावरी साहू , सीमा निषाद, स्नेहा चंद्रवंशी,दीपाली चंद्रवंशी, सुप्रिया,मंगल चौहान ,ओंकार धृतलहरे के साथ सभी छात्र ,छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन दलनायिका गोदावरी साहू के द्वारा किया गया।

# पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

## गहनों की भुख ने करायी अपने ही बैंक में चोरी , चोर निकला





**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व मे थाना क्षेत्रों मे चोरी के गतिविधियों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही थी , ग्राम आमगांव में हुये चोरी के प्रकरण को गंभीरता से लेते,मुखबीरों से सूचना मिली की ग्राम आमगांव की एक महिला के द्वारा अपने आय से अधिक सोने चांदी व अन्य चीजों की खरीदी कर रही है ,तस्दीकी हेतु थाना डोंगरगांव में मामले में तत्परता से सुझ बुझ व सक्रिय अधिकारी कर्मचारीयों की पुलिस टीम गठित किया और संदेही महिला पर पैनी नजर रखते हुये उनके सभी गतिविधियों पर नजर रखी गयी थी , महिला से ग्राम आमगांव में ही पहूंच कर पुछताछ की गई जो शुरू मे टालमटोल करने पर थाना डोंगरगांव लाकर विस्तृत रूप् पूछताछ करने पर,घटना कबूल करना स्वीकार किया.. संदिग्ध, महिला अपना पुरा नाम पता कांति नायक पति हेमलाल नायक , ग्राम आमगांव बताया गया है उन्होंने अपना, जुर्म कर स्वीकार किया है, आरोपी को पुलिस के पुछने पर बतायी कि जुर्म की मंषा उनकी पैसा के प्रति लालच होना बतायी जिन्होने घटना के संबंध में बतायी कि उनकी ग्राम आमगांव पोस्ट ऑफिस में बैंक खाता हैं जो जहां पैसा जमा करने प्रत्येक माह जाती हैं , पोस्टमेन के द्वारा जमा पैसें को अपने ही घर पर एक कमरे में जमा कर रखती हैं , उक्त कमरे में आते जाते समय पैसा की देखा करती थी , जिससे उन्हे पैसों की लालच होने पर उनक मन में चोरी करने की लालच आने से एक योजनाबद्ध तरीके से 14 जुलाई को अपने बैंक खाता में पैसा जमा करने गयी जहां अन्य आये लोगों की भीड़ लगी थी , यह अपने पैसा जमा किया और भीड़ की लाभ उठाते हुये पैसे वाले कमरे में घुसकर बाक्स में लगे ताला को छड़ से तोड़ कर रखे पैसा जिसमे 500-500 रूपये की 03 बंडल था अपने साड़ी में छुपा कर चुपचाप घर चली गयी , और चोरी के पैसों से सोने की डोला ,63,150/- रूपये की काला मोती में बंधा सोने की लॉकेट 01 नग , सोने की मंगलसुत्र 01 नग , सोने की ओम की लॉकेट 01 नग , चांदी की पायल 3 जोड़ी ,डोंगरगांव के प्रकाश ज्वेलर्स दुकान से खरीदी करना बताया गया,यह सब खरीदने के बाद पास 20000 रूपये का घर में छुपाकर रखी थी जिसे मेमोरण्ड कथन बताकर बरामद करायी हैं । आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## अड़ाम स्कूल में मना हरेली पर्व व कारगिल विजय दिवस मनाया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ का सबसे पहला त्यौहार व हरियाली का प्रतीक प्रमुख पर्व हरेली तथा कारगिल विजय दिवस ग्राम अड़ाम के प्राथमिक शाला में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में स्कूली बच्चों ने बड़े धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करते हुए उपस्थित शाला समिति के सदस्य जयंत्री बाई, पुष्पा बाई, कु. नंदनी तथा दीपिका को




स्कूल की शिक्षिका कोनिका सोनी एवं सरिता टांडेकर ने पौधा देखकर स्वागत किया। कार्यक्रम की इस कड़ी में विविध आयोजन हुए। इस दौरान शिक्षिका श्रीमती सोनी के द्वारा छत्तीसगढ़ के विलुप्त हो रहे स्थानीय खेलों से बच्चों को परिचित कराने शाला में गेड़ी दौड़ व फुगड़ी जैसे पारंपरिक खेलों की प्रतियोगिता आयोजन किया। गेड़ी दौड़ स्पर्धा में कक्षा 4थी के भविष्य कुमार व फुगड़ी में गुंजन साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं छत्तीसगढ़ महतारी की वेशभूषा थीम पर फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा 5वीं को हसीना, ऋतु व प्रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रीमती सोनी ने हरेली पर्व का उद्देश्य, हरियाली का महत्व, पारंपरिक खेल व संस्कृति से जुड़ी जानकारी बच्चों को दी। साथ ही कारगिल विजय दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने शानदार चित्रकारी की। इस स्पर्धा में कक्षा 3री के देवांश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं उनके द्वारा स्पर्धा में विजयी हुए बच्चों को पुरस्कृत किया। इसके अलावा सभी स्कूली बच्चों को पौधा दिया गया और पलकों की देख रेख में पल्लवित करने कहा गया। इसके साथ ही प्रत्येक शनिवार को सुरक्षित शनिवार मनाया जाता है, जिसके तहत डेंगू और मलेरिया के बारे में पोस्टर के माध्यम से बताया तथा बीमारी के कारण, बचाव और इलाज से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## वृंदा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा ग्राम बिरेझर मे जेसीबी मशीन से अंधाधुन पेड़ों की कटाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम मगरलोटा के आश्रित ग्राम बिरेझर में वृंदा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा अंधाधुन पेड़ों की कटाई की गई है। एक तरफ भाजपा सरकार एक पेड़ मां के नाम का अभियान चला रही है और प्रत्येक



नागरिकों से एक पेड़ लगाने का आग्रह कर रही है वहीं दूसरी तरफ पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर रही है। ग्राम पंचायत के उपसरपंच नेमचंद साहू एवं ग्रामीण जनों ने बताया कि वन विभाग द्वारा सड़क के किनारे वृक्षारोपण किया गया था पेड़ तो बड़े हो गए थे लेकिन वृंदा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा अपने लाभ के लिए बिना पंचायत के एनओसी लिए और पंचायत की जानकारी दिए बगैर ही सैकड़ो पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर दी गई है जिसका पुरजोर विरोध करने के बाद कटाई को बंद की गई है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि वृंदा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा बाकायदा जेसीबी लगाकर सड़क के किनारे लगे सैकड़ो पेड़ों को काट दी गई है। ग्रामीण जनों ने शासन प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि वृंदा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ऊपर शासन प्रशासन सख्त कार्यवाही करने की मांग ग्रामीण जनों ने किया है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार::-**

रा.प्र.क 2025070923000 - ब/121-वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नथियाबाई पति गोविन्दराम जाति लोधी निवासी ग्राम छीपा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा द्वारा ग्राम छीपा पटवारी हल्का नं0 12 रा.नि.मं. मुसराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि कुल खसरा 19 कुल रकबा 4.227 हेक्टेयर भूमि आवेदिका के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण आवेदिका को शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, अदेय प्रमाण पत्र तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट, चलान की मूल प्रति पेश किया गया है। प्रकरण दर्ज किया जाये। ग्राम एवं दैनिक समाचार पत्र में उद्घोषणा का प्रकाशन कराया जाये। हल्का पटवारी से प्रतिवेदन हेतु ज्ञापन जारी किया जाये। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 04/08/20025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

**नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

प्र.क्र. 20250709100017
अ-2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम रंगीटोला, प.ह.नं. 15, रा.नि.मंडल बापूटोला, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका सुशीला अग्रवाल ध.प. देवेन्द्र कुमार अग्रवाल, निवासी ग्राम लालबहादुर नगर, तहसील लालबहादुर नगर, जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम रंगीटोला, प.ह.नं. 15, तहसील छुरिया स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 24/29 रकबा 0.077 हेक्टेयर को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के अंतर्गत भूमि व्यपवर्तन की अनुज्ञा प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 30/07/2025 को नियत है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को जो हित रखते हो, दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 30/07/2025 को स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

**जारी दिनांक - 15/07/2025**
**सुनवाई दिनांक - 30/07/2025**

सील

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव**

nandgaon times JULAI-27-3.qxd 7/26/2025 11:15 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

1) चूलिया जलप्रपात किस नदी पर स्थित है?

2) हाल ही में खबरों में रही नौका बैच किस राज्य की पारंपरिक नौका दौड़ है?

3) प्रोजेक्ट नेक्सस का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

4) मनी म्यूल क्या है?

5) भारत में ब्रिटेन की पहली महिला उच्चायुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) चम्बल नदी (2) पश्चिम बंगाल (3) तत्काल सीमा पार खुदरा भुगतान सक्षम करने के लिए (4) कोई व्यक्ति जो अवैध रूप से अर्जित धन को किसी और के लिए स्थानांतरित करता है (5) लिंडी कैमरून

# प्रकृति की सुंदरता और समाज का दर्पण, एक पेड़ मां के नाम लगाने से प्राप्त होती है - कामाख्या प्रताप सिंह



**नौगांव छतरपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रीय युवा विधायक श्री कामाख्या प्रताप सिंह उर्फ टीका राजा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ते हुए नगर पालिका परिषद नौगांव द्वारा आयोजित राजा यादवेंद्र सिंह जूदेव स्टेडियम नौगांव बुंदेलखंड में नगर पालिका परिषद श्री अनूप तिवारी जी अपने सभी साथी पार्षद गण मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर एस अवस्थी उप यंत्री आलोक जायसवाल भारतीय जनता पार्टी के नेताओं समाजसेवी नागरिकों एवं पत्रकारों की उपस्थिति में 100 से अधिक पौधारोपण आरोपित किया एवं कार्यक्रम का शुभारंभ किया । वृक्षारोपण के दौरान क्षेत्रीय जन समस्याओं को भी सुना और उनके निराकरण के लिए उन्हें आश्वासन दिया। संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों दूरभाष से चर्चा की । कार्यक्रम में सभी नागरिकों से व्यक्तिगत मिलकर सभी के हृदय में स्थान बनाया । वृक्षारोपण कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए क्षेत्रीय विधायक श्री कामाख्या प्रताप सिंह उर्फ टीका राजा ने कहा वृक्षारोपण करने से प्रकृति की सुंदरता, जलवायु और वर्षा होती है । वृक्षारोपण हरियाली महोत्सव और मानसिक स्वास्थ्य के लिए उत्तम है । वृक्षारोपण से समाज में जागरूकता आती है इसलिए एक पेड़ मां के नाम लगाना हर युवा व्यक्ति और सामाजिक नागरिक की जिम्मेदारी है वृक्षारोपण समाज का दर्पण । उन्होंने नौगांव नगर और क्षेत्र वासियों से स्वच्छ भारत अभियान में जन भागीदारी निभाते हुए अपने आसपास स्वच्छ सुंदर बनाने का लिए आवाहन किया है । नगर पालिका अध्यक्ष श्री अनूप तिवारी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम लगाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है और इसी कार्यक्रम के तहत नगर पालिका लगातार सभी वार्डों में वृक्षारोपण करने का काम करने में लगी हुई है । कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी ने क्षेत्रीय विधायक द्वारा जनकल्याण के किया जा रहे कार्यों की



सराहना की । कार्यक्रम में रिटायर्ड एसडीएम के एल अहिरवार, पिछड़ा वर्ग भाजपा नेता मन्नू लाल रैकवार , समाजसेविका श्रीमती भारती साहू सुश्री तृप्ति कठैल, शंकर साहू अनिल अहिरवार आदि समाजसेवी नागरिक कौन है वृक्षारोपण कार्यक्रम की प्रशंसा की है । कार्यक्रम के आयोजन के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर एस अवस्थी ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में पधारे अतिथियों विशिष्ट अतिथियों समाज सेवी नागरिकों पार्षदों पत्रकारों का आभार व्यक्त किया ।

## भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय बालोद जिला प्रवास के दौरान मानपुर चौक में भेंट

**बालोद ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री



आदरणीय श्री पवन साय जी का आज बालोद जिला प्रवास के दौरान मानपुर चौक में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान भाजपा नेता शिव धर्मगुडे,भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा स्वाधीन जैन,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा जयदीप गुप्ता,भाजपा युवा नेता साहिल सावलकर,अंकित टाटिया,पुनीत पब्जी,अन्य साथी उपस्थित थे भेंट के दौरान: इस भेंट के दौरान आदरणीय श्री पवन साय जी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं को हमेशा जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना चाहिए और उनके समाधान के लिए काम करना चाहिए।

# मुरमुंदा में अवैध शराब गांजा की बिकी बेराकटोक चल रहा




**मुरमुंदा ( नांदगांव टाइम्स )।** मुरमुंदा विद्या के मंदिर के सामने बिक रहे है गांजा दारू मुरमुंदा में अवैध शराब गांजा की बिकी बेराकटोक चल रहा है मिली जानकारी अनुसार ग्राम मुरमुंदा में गांजा दारू आसानी से मिलने से बच्चे में नशा करने में सलिप्त है साम होते ही सराबियो का जमवाड़ा देखने मिलने है इतना की नहीं शराबी शराब पीने के बाद वही सो भी जाते है जिससे गांव का माहौल खराब होते जा रहे है शराब कोचिया मिठाई एवम पान ठेला के आड़ में शराब बेच रहे पुलिस और आबकारी विभाग को इसकी जानकारी है पर कोई कारवाही नहीं होता सब मिली भगत में काम चल रहा है इतना ही नहीं साम होते ही शराबी मुड़पार जामरी रांका पिपरिया माटेकटा मुरमुंदा के लोग शराब लेने आते है साम होते ही गांव का माहौल खराब हो जाते है और स्कूल के सामने ही गांजा का कारोबार बेरकटोक चल रहा है आस पास के लोग गांजा लेने मुरमुंदा आते है प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कोई कुछ कुछ कोचियो पर कारवाही किया गया लेकिन कुछ दिन बाद जस के तश हो गया कोचिया के पास गोवा से सभी ब्रांड अवैध दारू बिक रही है आस पास गांव रांका डुंडेरा रेगाकठेरा मुंदगाव मुड़पार मेढा में भी अवैध शराब की बिक्री खुलेआम चल रहा है जिसमे डोंगरगढ पुलिस कोई कारवाही नहीं कर रहा है ग्राम पंचायत मुरमुंदा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है लगातार राजनांदगांव एसपी मोहित गंग द्वारा दारू गांजा पर कारवाही करने का सभी थानों को निर्देश दिए जा रहे हैं पर भी कोई कारवाही नहीं हो रही है।

# सरकारी स्कूल और सवाल



राजस्थान के झालावाड़ में सरकारी स्कूल की इमारत का एक हिस्सा गिरने से कई मासूम बच्चों की मौत और घायल होने की घटना हृदयविदारक होने के साथ ही देश के सरकारी स्कूलों की बदहाली पर गंभीर सवाल भी खड़े करती है। कहा जा रहा है कि झालावाड़ के इस स्कूल की इमारत पहले से ही जर्जर अवस्था में थी और लगातार बारिश से इसकी हालत और भी खराब हो गई थी। स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देश भी दिए गए थे कि जर्जर भवनों वाले स्कूलों में छुट्टी कर दी जाए, लेकिन हैरत की बात यह है कि यह स्कूल जर्जर भवनों की सूची में था ही नहीं, और इसीलिए यहां के बच्चों की छुट्टी भी नहीं की गई थी। यह स्थिति स्थानीय प्रशासन की गंभीर लापरवाही और जवाबदेही की कमी को ही दर्शाती है। बात सिर्फ झालावाड़ की नहीं है, पूरे देश में सरकारी स्कूलों का यही आलम है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की इमारतें जर्जर हैं, शिक्षकों की कमी है और स्वच्छ पेयजल, शौचालय और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं तक का अभाव है। नई शिक्षा नीति में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की बात कही गई थी, लेकिन झालावाड़ जैसे हादसे जमीनी स्तर पर इसके नगण्य प्रभाव को ही दर्शाते हैं। लिहाजा, सभी स्कूलों की इमारतों की नियमित व पारदर्शी जांच होनी चाहिए, जिसके लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक समिति गठित की जा सकती है, जो स्कूल भवनों की संरचनात्मक सुरक्षा का आकलन करती रहे। स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए और अगर कोई स्कूल असुरक्षित स्थिति में पाया जाता है, तो संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई भी होनी चाहिए। चूंकि स्थानीय लोग स्कूलों की स्थिति के बारे में बेहतर जानते हैं, स्कूलों के प्रबंधन में इनकी भागीदारी को बढ़ावा देना भी जरूरी है और प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि इनकी शिकायतों को गंभीरता से लेकर उन पर त्वरित कार्रवाई की जाए। झालावाड़ में जो हुआ, उसे महज एक और दुर्घटना मानकर खारिज नहीं किया जा सकता, बल्कि यह पूरी व्यवस्था की विफलता का प्रतीक है। सरकार, प्रशासन और समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे बच्चे सुरक्षित स्कूलों में पढ़ें। यह एक नैतिक जिम्मेदारी तो है ही, मजबूत व शिक्षित भारत के निर्माण की पूर्व शर्त भी है।



**योगेश कबूलपुरिया**
**वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं सामाजिक विश्लेषक**

## निधन



**कमलादेवी**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हमारी पूज्यनीय माताजी कमलादेवी धर्मपत्नी स्व. श्री पारसमल जी बैद राजनादगाँव निवासी उम्र 81 वर्ष, का आकस्मिक निधन आज शाम लगभग 6:15 बजे हो गया है । विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक है । शोका कुल में जीवन,सुरेश ,रमेश ,नरेश (पुत्र)सुनील, अनिल, सुमित ,श्रेयांश,नमन ,सौरभ, जैनम है।

## निधन



**श्रीमती के.ज्ञानाम्बा**

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** श्रीमती के.ज्ञानाम्बा धर्मपत्नी स्व श्री के. रंगानायकूलू रिटायर्ड गार्ड डोंगरगढ़ का दु:खद निधन शुक्रवार की रात 12 .20 बजे तालपुरी भिलाई निवास में हो गया । वह डोंगरगढ़ निवासी रहे ,के. रघुनाथ ,के.जगन्नाथ , पी शैलजा की माताजी थी। भिलाई में हुए अंतिम संस्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिजन व गणमान्यजन शामिल हुए।

# बुंदेली उपकेन्द्र में लगाया गया 3.15 एम.व्ही.ए. का नया पॉवर ट्रांसफार्मर

## बुंदेली सबस्टेशन की क्षमता बढ़ाये जाने से 18 ग्रामों के 5275 उपभोक्ता होंगे लाभान्वित

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्रामीण अंचलों में बिजली उपभोक्ता एवं किसानों को भरपूर वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति करने के लिए जिलें में विद्यमान पॉवर सबस्टेशनों में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इस योजना के तहत 74 लाख रूपये की लागत से बुंदेली 33/11 के0व्ही0 सबस्टेशन में 3.15 एम0व्ही0ए0 अतिरिक्त नये पॉवर ट्रांसफॉर्मर को स्थापित कर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री शिरीष सेलट के द्वारा ऊर्जीकृत किया गया। छुईखदान उपसंभाग के ग्राम बुंदेली मे विद्यमान उपकेन्द्र की क्षमता पहले 10 एम0व्ही0ए था, अतिरिक्त नये 3.15 एम0व्ही0ए0 पॉवर ट्रांसफार्मर के लगाये जाने से इस उपकेन्द्र की क्षमता बढ़कर 13.15 ए0व्ही0ए0 हो गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री शिरीष सेलट ने बताया कि यह कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत लगभग 74 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किया गया है। उन्होंने बताया कि सबस्टेशन में पहले से मौजूदा दो 05 एम0व्ही0ए0 के पॉवर ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाते थे। खासकर धान की फसल के मौसम में लोड शेडिंग एवं लो वोल्टेज की समस्या होती थी, उक्त कार्य से लो वोल्टेज एवं लोड शेडिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। ईडी श्री सेलट ने उक्त कार्य को क्षेत्र में उपभोक्ताओं एवं किसानों के हित में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए सराहनीय बताते हुए कहा कि 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन बुंदेली में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के लग जाने से



ग्राम कोर्राय, बोराई, पुरैना, कुकुरमुड़ा, भरदागोंड़, विचारपुर, सीनाडबरी, सुराडबरी, बुंदेली, मैन्हर, पण्डरिया, ओटेबंद, तेन्दुभांठा, जोम, उदान, चाराभांठा, ढ़ोड़िया एवं नवागांव लोधी के 5275 उपभोक्ता एवं किसानों को फायदा होगा। उन्होने अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत्त श्री शंकेश्वर कंवर, ईई परियोजना श्री मुकेश कुमार साहू, ईई खैरागढ़ संभाग श्री ए.के. द्विवेदी, ईई एसटीएम श्री ए.डी. टण्डन, सहायक अभियंता सुश्री मदलसा विश्वकर्मा, सुश्री ममता कर्मकार अन्य अधिकारी एवं उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि पॉवर कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपभोक्ताओं एवं किसानों तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहें हैं। अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से किसानों एवं उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

## धर्म समाचार....

# नाग पंचमी पर पूजा के समय करें इस मंगलकारी स्तोत्र का पाठ, कालसर्प दोष से मिलेगा छुटकारा




धार्मिक मत है कि नाग पंचमी के दिन नाग देवता की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलती है। साधक भक्ति भाव से नाग पंचमी के दिन शिव परिवार की पूजा करते हैं। इस शुभ अवसर पर भगवान शिव का दुग्धाभिषेक किया जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, मंगलवार 29 जुलाई को नाग पंचमी है। यह पर्व हर साल सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर मनाया जाता है। इस दिन शिव परिवार संग नाग देवता की पूजा की जाती है। इस शुभ अवसर पर शिवजी संग नाग देवता का दूध से अभिषेक किया जाता है। धार्मिक मत है कि नाग देवता की पूजा करने से साधक के सुख और सौभाग्य में अपार वृद्धि होती है। साथ ही भाग्य में भी बढ़ोतरी होती है। इसके अलावा, जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है। ज्योतिषियों की मानें तो नाग पंचमी के दिन शिव परिवार संग नाग देवता की पूजा करने से कालसर्प दोष का प्रभाव भी समाप्त हो जाता है। अगर आप भी भगवान शिव और नाग देवता की कृपा के भागी बनना चाहते हैं, तो नाग पंचमी के दिन भक्ति भाव से नाग देवता की पूजा करें। वहीं, पूजा के समय गाय के कच्चे दूध से अभिषेक करें। साथ ही पूजा करते समय मंगलकारी नाग और शिवरक्षा स्तोत्र का पाठ करें।

**नाग स्तोत्र**

ब्रह्म लोके च ये सर्पा:शेषनागाः पुरोगमाः।
नमोऽस्तु तेभ्यः सुप्रीता:प्रसन्नाः सन्तु मे सदा॥
विष्णु लोके च ये सर्पा:वासुकि प्रमुखाश्चये।
नमोऽस्तु तेभ्यः सुप्रीता:प्रसन्नाः सन्तु मे सदा॥
रुद्र लोके च ये सर्पा:तक्षकः प्रमुखास्तथा।
नमोऽस्तु तेभ्यः सुप्रीता:प्रसन्नाः सन्तु मे सदा॥
खाण्डवस्य तथा दाहेस्वर्गन्च ये च समाश्रिता:।
नमोऽस्तु तेभ्यः सुप्रीता:प्रसन्नाः सन्तु मे सदा॥
सर्प सत्रे च ये सर्पा:अस्थिकेनाभि रक्षिता:।
नमोऽस्तु तेभ्यः सुप्रीता:प्रसन्नाः सन्तु मे सदा॥
प्रलये चैव ये सर्पा:कार्कोट प्रमुखाश्चये।
नमोऽस्तु तेभ्यः सुप्रीता:प्रसन्नाः सन्तु मे सदा॥
धर्म लोके च ये सर्पा:वैतरण्यां समाश्रिता:।
नमोऽस्तु तेभ्यः सुप्रीता:प्रसन्नाः सन्तु मे सदा॥
ये सर्पा: पर्वत येषुधारि सन्धिषु संस्थिता:।
नमोऽस्तु तेभ्यः सुप्रीता:प्रसन्नाः सन्तु मे सदा॥
ग्रामे वा यदि वारण्येये सर्पा: प्रचरन्ति च।
नमोऽस्तु तेभ्यः सुप्रीता:प्रसन्नाः सन्तु मे सदा॥
पृथिव्याम् चैव ये सर्पा:ये सर्पा: बिल संस्थिता:।
नमोऽस्तु तेभ्यः सुप्रीता:प्रसन्नाः सन्तु मे सदा॥
रसातले च ये सर्पा:अनन्तादि महाबला:।
नमोऽस्तु तेभ्यः सुप्रीता:प्रसन्नाः सन्तु मे सदा॥

॥ श्रीशिवरक्षास्तोत्रम् ॥

चरितं देवदेवस्य महादेवस्य पावनम्।
अपारं परमोदारं चतुर्वर्गस्य साधनम्॥
गौरीविनायकोपेतं पञ्चवक्त्रं त्रिनेत्रकम्।
शिवं ध्यात्वा दशभुजं शिवरक्षां पठेन्नरः॥
गंगाधरः शिरः पातु भालं अर्धेन्दुशेखरः।
नयने मदनध्वंसी कर्णो सर्पविभूषण॥
घ्राणं पातु पुराराति: मुखं पातु जगत्पतिः।
जिह्वां वागीश्वरः पातु कंधरां शितिकंधरः॥
श्रीकण्ठः पातु मे कण्ठं स्कन्धौ विश्वधुरन्धरः।
भुजौ भूभारसंहर्ता करौ पातु पिनाकधृक॥
हृदयं शंकरः पातु जठरं गिरिजापतिः।
नाभिं मृत्युञ्जयः पातु कटी व्याघ्राजिनाम्बरः॥
सक्थिनी पातु दीनार्तशरणागतवत्सलः।
उरू महेश्वरः पातु जानुनी जगदीश्वरः॥
जङ्घे पातु जगत्कर्ता गुल्फौ पातु गणाधिपः।
चरणौ करुणासिंधुः सर्वाङ्गानि सदाशिवः॥
एतां शिवबलोपेतां रक्षां यः सुकृती पठेत्।
स भुक्त्वा सकलान्कामान् शिवसायुज्यमाप्नुयात॥
ग्रहभूतपिशाचाद्यास्त्रैलोक्ये विचरन्ति ये।
दूरादाशु पलायन्ते शिवनामाभिरक्षणात॥
अभयङ्करनामेदं कवचं पार्वतीपतेः।
भक्त्या बिभर्ति यः कण्ठे तस्य वश्यं जगत्त्रयम्॥

### आस्तिक मुनि को नागों ने क्या दिया था वचन, क्यों नागों को इस दिन पिलाते हैं दूध

नागपंचमी पर नागदेवता की पूजा से सर्पदंश का भय दूर होता है और उत्तम लोक की प्राप्ति होती है। इस दिन घर के दरवाजे पर नाग की आठ आकृतियाँ बनाकर हल्दी रोली चावल घी दूध और फूल से पूजा की जाती है। मंदिरों में तांबे के नाग की पूजा से काल सर्प दोष भी कम होता है। नई दिल्ली। नागपंचमी पर नागदेवता की पूजा करने से सांप के काटने का भय खत्म होता है। इसके साथ ही नागदेव की पूजा करने वाले को उत?तम लोक की प्राप्ति होती है। नागपंचमी पर नाग देवता की पूजा करने के लिए घर के दरवाजे के दोनों तरफनाग की आठ आकृतियां बनाएं। इसके बाद हल्दी, रोली, चावल, घी, दूध, फूल आदि से नाग देवता की पूजा करें। मंदिरों या शिवालयों में इस दिन तांबे के नाग की पूजा होती है। ऐसा करने से कुंडली में यदि काल सर्प दोष भी है, तो वह भी खत्म होता है। इसके लिए नाग पंचमी के दिन विशेष रूप से पूजा और अनुष्ठान किए जाते हैं। नाग पंचमी की पौराणिक कथा के अनुसार, पांडवों में अर्जुन के पौत्र और राजा परीक्षित के पुत्र जन्मेजय ने नागों से बदला लेने के लिए एक यज्ञ किया था। इसके जरिये वह पूरे नाग वंश को ही धरती से समाप्त कर देना चाहते थे। दरअसल, राजा परीक्षित को तक्षक नामक सांप ने डंस लिया था। इसकी वजह से राजा परीक्षित की मृत्यु हो गई थी। इसी का बदला लेने के लिए जन्मेजय ने यज्ञ का अनुष्ठान किया था। जैसे ही यज्ञ शुरू हुआ एक-एक कर नाग हवन कुंड में आकर गिरने लगे। ऋषि जरत्कारु के पुत्र आस्तिक मुनि ने इस यज्ञ को होने से रोका और नाग वंश की रक्षा की थी। कहते हैं जिस दिन यह घटना हुई थी, उस दिन सावन की पंचमी तिथि थी। तब से ही सावन की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। इसके साथ ही आस्तिक मुनि ने सांपों को शीतलता देने के लिए उनके शरीर पर दूध की धार डाली थी। तब नागों ने आस्तिक मुनि से कहा कि नाग पंचमी के दिन जो भी उनकी पूजा करेगा, उसे कभी भी नागदंश का भय नहीं रहेगा। इसी वजह से इस दिन सांपों को दूध पिलाने की परंपरा भी शुरू हुई थी।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

**स्वाती स्पोर्ट्स**

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बेडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# जिले के समग्र विकास के लिए सभी को समन्वित तरीके से कार्य करने की जरूरत : सांसद संतोष पाण्डेय

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सांसद श्री संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, उपस्थित थे।

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि दिशा समिति में सभी सदस्यों ने उत्साह के साथ स्वतंत्र चर्चा की और एक अच्छी दिशा में इसके सार्थक परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि जिले के समग्र विकास के दृष्टिगत यह बैठक महत्वपूर्ण है। जिसमें सभी विभाग शामिल हुए है और जिले के विकास के लिए भविष्य की तैयारी की दिशा तय की गई है। उन्होंने सभी से कहा कि जिले को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए सभी को समन्वित तरीके से कार्य करने की जरूरत है। सांसद ने सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों को शीघ्र फायदा मिलना चाहिए। उन्होंने किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा ऐसे ग्राम जहां कान्ट्रेक्टर की लापरवाही के कारण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, वहां पुन:-टेंडर करते हुए कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जिले में बहुत अच्छी पहल की गई है। परकोलेशन टैंक में इंजेक्शन वेल जोडने् की कार्ययोजना तैयार की गई है। जिससे भू-जल स्तर बढ़ेगा। ग्रीष्म ऋतु में भू-जल स्तर गिरने से साफ तौर पर इसका असर दिखाई दिया और पानी की कमी को महसूस किया गया। हमें जल संरक्षण की ओर विशेष तौर पर ध्यान देने की आवश्यकता है। जिले में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की केन्द्रीय भू-जल शक्ति मंत्री श्री सीआर पाटिल ने भी प्रशंसा की है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमुख बिंदुओं पर ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखें है। शासन की योजना अंतर्गत प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी निर्देशों का पालन गंभीरता से करेंगे। उन्होंने कहा कि कई मुद्दे केन्द्र शासन स्तर से संबंधित थे, जिन्हें ध्यान में रखा गया



है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई है। घुमंतू पशुओं के लिए कांजी हाऊस एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में भी चर्चा की गई। उन्होंने राम दरबार के समीप ट्रैफिक व्यवस्था, ओव्हर ब्रिज निर्माण, पौधरोपण के संबंध में जानकारी दी। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि जिले में इंजेक्शन वेल के माध्यम से जल संरक्षण के लिए भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। जिले में डबरी निर्माण स्ट्रक्चर बनाया गया है। लगभग 1600 से ज्यादा स्ट्रक्चर बनाए गए हैं तथा जल संरक्षण हेतु किसानों को फसलचक्र हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी महिलाएं अच्छा कार्य कर रही हैं तथा स्वर्ण उपज कृषक उत्पादन संगठन के माध्यम से चनादाल एवं अन्य दाल प्रोसेसिंग एवं मार्केटिग का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिले में स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है और जिला ओडीएफ प्लस हो गया है। व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जनसामान्य को स्वच्छता के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, ग्राम पंचायत विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से लाभान्वित बच्चों के संबंध में बताया गया। गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई। गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए जिले में पालक चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों को मल्टीविटामिन, आयरन एवं पौष्टिक भोजन दिया जा रहा है। स्थिति में सुधार लाने के लिए पोषण पुनर्वास केन्द्र में भी भेजा जा रहा है। प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए विशेष तौर पर प्रयास किया जा रहा है। सुकन्या समृद्धि योजना, महतारी वंदन योजना के संबंध में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदन कार्ड के प्रगति की जानकारी दी गई। जिले में आयुष्मान कार्ड हितग्राही लगभग 919264 है। वहीं आयुष्मान वय वंदन कार्ड के पंजीकृत हितग्राहियों की संख्या 23 हजार 575 है, जो लगभग 93.97 प्रतिशत है। उन्होंने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डायरिया की बीमारी रोकने के लिए प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाया गया तथा दवाईयों का वितरण किया जा रहा है। पीएचई विभाग की ओर से पानी का सैंपल लिया गया है। शिक्षा विभाग अंतर्गत मध्यान्ह भोजन, समग्र शिक्षा, पीएमश्री शालाओं की जानकारी दी गई। कृषि विभाग अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार के संबंध में जानकारी दी गई। वन विभाग अंतर्गत कैम्पा योजना के संबंध में बताया गया। नगर निगम अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन शहरी के संबंध में जानकारी दी गई। जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग अंतर्गत 47 कार्य पूर्ण, 159 प्रगतिरत, एकल ग्राम योजना के तहत 139 कार्य पूर्ण तथा 317 कार्य प्रगतिरत है। समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत 21 करोड़ 35 लाख 50 हजार रूपए की लागत से 20 ग्रामों में एलबी नगर समूह जल प्रदाय योजना प्रगतिरत है। वही 12 ग्रामों में 14 करोड़ 61 लाख 54 हजार रूपए की लागत से माथलडबरी समूह जल प्रदाय योजना प्रगतिरत है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत कुल प्रदाय घरेलू नल कनेक्शन 14 लाख 491 है।

## मानपुर के गांव गांव में पहुंच रही अखंड ज्योति रथ यात्रा



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मानपुर वनांचल क्षेत्र पहुंचने पर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत वंदन किया गया।अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के दिशा निर्देशन में अखंड ज्योति रथ यात्रा मानपुर वनांचल के गांव गांव में दिव्य अखंड ज्योति रथ यात्रा जा रही है । माता भगवती देवी शर्मा जन्म शताब्दी वर्ष ,अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष एवं अखंड दीपक प्रज्वलन के शताब्दी वर्ष 2026 के निमित्त भारतवर्ष के कोने-कोने में अखंड ज्योति रथ पहुंच रही है ।गांव-गांव में परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित साहित्य का वितरण भी किया जा रहा है। रथ के आगमन पर प्रत्येक गांव में भव्य आरती व युग ऋषि का युग संदेश दिया जा रहा है ।एवं सायं काल सत्संग एवं दीप यज्ञ का आयोजन भी किया जा रहा है। उपजोन समन्वयक नंदकिशोर सुरजन के मार्गदर्शन में रथ प्रभारी जयप्रकाश सिन्हा एवं एम एम सी जिला समन्वयक चतुर राम देवांगन द्वारा कार्यक्रम को भव्य एवं व्यवस्थित करने के लिए मार्गदर्शन दिया जा रहा है। विकासखंड समन्वयक जेएस टांडिया वरिष्ठ कार्यकर्ता राम आधार यादव द्वारा गांव में पहुंचने के पूर्व मुनियादी कराई जा रही है ताकि समय पर श्रद्धालु दर्शन का लाभ ले सकें। अभी लगातार दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है इसके बावजूद भी अखंड ज्योति रथ कार्यकर्ताओं के माध्यम से गांव-गांव में पहुंच रही है।

## केसरी नंदन में सावन उत्सव का आयोजन



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** 26 जुलाई को योग वृक्ष ग्रुप द्वारा केसरी नंदन लॉन में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के अध्यक्ष श्री रमन डोंगरे को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था कार्यक्रम का आरंभ वृक्षारोपण से किया गया तत्पश्चात सावन के गीतों में ग्रुप की महिलाओं द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे द्वारा अपने उद्बोधन में सावन माह की विशेषता बताते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का सभी महिलाओं को जानकारी देते हुए उन्हें अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

## सांसद पांडे ने मिशन जल रक्षा के तहत जल संरक्षण कार्यों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने मिशन जल रक्षा अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम फरहद में जल संरक्षण एवं भू-जल स्तर में सुधार लाने के लिए किए जा रहे पर्कोलेशन टैंक, इंजेक्शन वेल, हैंडपंप के साथ निर्मित रिचार्ज सॉफ्ट टैंक जैसी अन्य जल संरचनाओं का निरीक्षण किया। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने भारी बारिश के बीच इन जल संरचनाओं की तकनीकी बिंदुओं, निर्माण की प्रक्रिया एवं स्थानीय उपयोगिता की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों, तकनीकी कर्मियों एवं ग्रामीणों से संवाद कर जल संरक्षण को जन-आंदोलन के रूप में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और मिशन जल रक्षा के माध्यम से हम भविष्य की जल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मजबूत नींव रख रहे हैं। यह प्रयास केवल संरचनात्मक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का भी एक माध्यम है, जिससे आने वाली पीढियां लाभान्वित होंगी। उन्होंने पर्कोलेशन टैंक में बनाए गए इंजेक्शन वेल की सराहना की और कहा कि बारिश का जल सीधे भू-जल स्तर तक पहुंचेगा। साथ ही हैंडपंप आधारित रिचार्ज सॉफ्ट निर्माण जल पुनर्भरण की दिशा में एक नवाचारपूर्ण पहल है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि मिशन जल रक्षा के तहत जिले में अब तक 1693 पर्कोलेशन टैंक तथा बड़ी संख्या में रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण किया जा चुका है। इन संरचनाओं के माध्यम से फ्रैक्चर जोन की पहचान कर वर्षा जल को सीधे भू-जल स्तर में रिचार्ज करने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा आने वाले भविष्य के जल संकट को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण एवं संवर्धन के विषय पर इस अभियान को लगातार विस्तार दिया जा रहा है, जिसमें जनप्रतिनिधियों की भागीदारी इसे और अधिक प्रभावशाली बना रही है। इस अवसर पर जनपद पंचायत राजनांदगांव के अध्यक्ष, जनपद सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## लगातार मुसलाधार बारिश से नदी नाले उफान पर, खंडित पुल पुलिया बहे

### नदी नालो समीपस्थ ग्रामों के घरों में घुसा पानी





**डोंगरगढ़।** शुक्रवार की रात्रि से लगातार मुसलाधार बारिश के चलते नदी नालो में उफान आ गया है और समीप गांव के घरो में पानी भरने से जन जीवन व्यस्त हो गया है तो दूसरी ओर पानी के वेग के कारण खंडित पुलिया भी बहने की खबर आई है जो सोशल मीडिया में वायरल हो रही थी। जानकारी के अनुसार मोहारा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोलेंद्रा में नदी का बाढ़ का पानी गाँव गली में कमर तक भर कर घरों में घुस गया जिससे ग्रामीणों का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है वहीं ग्राम पंचायत सलटिकरी के ग्राम पंचायत भवन में बारिश का पानी भर गया जिसे बड़ी मुश्किल से मशीन लगा पानी बाहर निकाला गया। वहीं बारिश के पानी ने ग्राम पंचायत कल्याणपुर व ग्राम पंचायत बरनारा कला के खंडित पुलिया नदी के तेज बहाव में बह गए हालाँकि पुल बहने से किसी प्रकार की जनहानि की खबर नहीं आई है। इधर लगातार बारिश के चलते खूंटापारा की पुलिया भी डूब गई और निचली बस्तियों के घरों में पानी घुस गया।

**सुनहरा अवसर**

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

# नगर का मुख्य मार्ग स्टेट हाईवे हादसो की सड़क बनी

**अफशान खान**

**अंबागढ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** यह तस्वीर नगर के मुख्य मार्ग एवं लोक निर्माण विभाग के स्टेट हाईवे की है। इस सडक में 24 घंटे हल्के व भारी वाहनो की आवाजाही होती है। यह मार्ग छग व महाराष्ट्र को जोडने वाली प्रमुख मार्ग भी है। इस मार्ग की हालत इतनी खराब है की नगर से गुजरने वाले दो किमी के स्टेट हाईवे में सैकडो गड्ढे हो गए है। इस रूट में आए दिन छोटी बडी सडक दुर्घटनाए होती है। और बारिष के समय में तो गड्ढों में पानी भरा होने के कारण हादसे सामान्य दिनो के मुकाबले कई गुणा अधिक बढ जाती है। नगर में राजीव गांधी चौक से लाल भीष्म देव शाह चौक, शहीद चौक, अस्पताल तिराहा, कालेज रोड होते हुए चिल्हाटी होकर पडोसी राज्य महाराष्ट्र को जोडने वाला नगर का मेन रोड हादसो का सडक हो गया है। नगर में राजीव गांधी चौक से गायत्री मंदिर व बैक आफबडौदा तक तो पुरी तरह दुर्घाटनाजन्य क्षेत्र हो गया है। यंहा पर खस्ताहाल सडक एवं बेलगाम ट्राफिक व्यवस्था के कारण नित्य सडक दुर्घटनाए होती है। इसके बाद भी लोक निर्माण विभाग पुरी तरह उदासिन बना हुआ है। लोक निर्माण विभाग की सुस्ती व लापरवाही का अंदाजा इस बात से लगाया जा कसता है की विभाग के पास सडक में भरने वाले बारिश एवं आवासीय घरो व दुकानो से निकलने वाले पानी को निकालने का भी समय नही है। लोक निर्माण विभाग चाहे तो सडक में जमा होने वाली पानी को पटरी को दुरूस्त करा कर पानी बाहर निकाल सकती है। और सडक के गड्ढे को बारिश में कॉन्क्रीट से भर सकती है। लेकिन जिम्मेदार विभाग पुरी तरह इससे बेपरवाह बना हुआ है। इससे नगर में सडक दुर्घटनाए बढ गई है। इस रूट में सड़क के दोनों किनारे निवास करने वाले नागरिको ने बताया की नगर का मेन रोड व स्टेट हाईवे जर्जर एवं मार्ग में जगह जगह गड्ढे होने की शिकायत की गई है लेकिन सडक के गड्ढों को भरने के लिए शासन प्रशासन पुरी तरह उदासिन बना हुआ है। नागरिको ने बताया की नगर के मध्य से गुजरने वाले दो किमी के स्टेट हाईवे एवं नगर के मेन रोड में सैकडो गड्ढे हो गए है।



**दो किमी स्टेट हाईवे में सैकड़ो गड्ढे**

**सड़को के मरम्मत के लिए नगर अध्यक्ष करेगे लोनिवि का घेराव**

लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाले नगर की खस्ताहाल सडको के मरम्मत व संधारण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी सोमवार को लोक निर्माण विभाग के सबडिवीजन कार्यालय का घेराव करेगे। नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया कि लोनिवि के अधीन आने वाले मेन रोड की हालत दयनीय हो गई है। राजीव गांधी चौक से स्वामी आत्मानंद स्कूल तक सडक की स्थिती काफी खराब है। उन्होने बताया की बारिश से पूर्व भी सडक की हालत खराब थी। लोक निर्माण विभाग के नाम पर केवल खानापूर्ती करने में लगा हुआ है। जिसका खामियाजा नगरवासियो को भोगना पड रहा है। नगर अध्यक्ष ने कहा की सोमवार को लोक निर्माण विभाग के सबडिविजन कार्यालय का घेराव कर मेन रोड को दुरूस्त करने तथा गड्ढों को वर्तमान में कंक्रीट या मलबे से भरने की मांग करेगें। तथा बारिश के बाद नंवबर महिने में सडक का पुर्ननिर्माण की मांग करेगें।

**अतिक्रमण के चपेट में मेन रोड**

लोक निर्माण का मुख्य मार्ग नगर में मेरेंगाव, राजीव गांधी चौक से प्रारंभ होकर , लाल भीष्म देव शाह चौक, शहीद चौक, अस्पताल तिराहा होते हुए परमेश्वरी नगर एवं कृषि महाविद्यालय तक जाता है। इस मार्ग में सडक के दोनो किनारे अतिक्रमण की बाढ है। लोक निर्माण विभाग के अधीन मनेरोड मे सड़क के दस मीटर से बीस मीटर की अवैध दुकानो का निर्माण कर दिए जाने से भी सडक में ट्राफिक व्यवस्था बेलगाम हो गई है। वही सडक किनारे दुकान लगाने वालो ने अपने दुकानो की सामान सडक में सजा कर रख देने से दुर्घटनाए और भी बढ गई है। लोक निर्माण विभाग अपनी सडक को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए किसी तरह की पहल एवं कदम नही उठा रहा है। जिससे स्थिती दिन ब दिन बिगडती चली जा रही है। मामले की शिकायत कलेक्टर एवं लोक निर्माण विभाग के ईई के पास जाने के बाद भी कार्रवाई नही किए जाने से यह तय है की नगर में भविष्य में कोई बडी सडक दुर्घटना से इंकार नही किया जा सकता है।

> बारिश के बाद सडक का मरम्मत व संधारण किया जाएगा। वर्तमान में गड्ढों को भरने के लिए विभाग के एसडीओ व उपयंत्री को निर्देश दिया जा रहा है।
>
> **ऋतु खरे, ईई, लोक निर्माण**

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com